तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्य जज	नम्बर ... अहकाम ... हुक्म ... में ज...
	न्यायालय उपखण्ड अधिकारी व नेहा भोजा मिट वगैरह बनाम लाड कंवर वगैरह केस 94/19 किस्म - पृथ्वी	
	05.09.2019 पत्रावली पैश हुई। प्रार्थीगण अधिवक्ता अनुपस्थित। प्रार्थना पत्र के साथ पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का अध्ययन व मनन किया गया। प्रस्तुत प्रार्थनापत्र सें संलग्न राजस्व अभिलेख चालू जमाबन्दी सवंत् 2074 से 2077 ग्राम डाबला स्थित प्रार्थीगण की खातेदारी आराजी संख्या 1559 रकबा 01–01 बीघा भूमि किस्म गै.मु. आबादी दर्ज राजस्व रेकार्ड है। प्रार्थीगण इस प्रार्थनापत्र के माध्यम से इसी आराजीयात की पत्थरगढी कराना चाहता है। जबकि वर्णित विवादित आराजीयात भूमि की किस्म गै.मु. आबादी होने से मामला इस न्यायालय के श्रवणाधिकार नही होकर सिविल न्यायालय के क्षैत्राधिकार का है। ऐसी स्थिति में प्रार्थीगण को सक्षम न्यायालय में वाद दायर कर दाद हासिल करनी चाहिए। मौजूदा इस प्रार्थनापत्र से प्रार्थीगण को किसी प्रकार का अनुतोष दिया जाना न्यायालय उचित नही समझता है। और रहा प्रश्न शेष रही आराजी संख्या 1560 भूमि किस्म गै.मु. खड्डा की पत्थरगढी का तो उस दशा में प्रार्थी पृथक से इस न्यायालय में प्रार्थनापत्र प्रस्तुत कर दाद हासिल कर सकता है। उपरोक्त विवेचन एंव विश्लेषण के परिणामस्वरूप प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थनापत्र पोषणीय नही होने से खारिज किये जाने के आदेश पारित किये जाते है। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो। [signature]	